3	Loan No. 0MRT2406800005098624, INTAKHAB, JAMRUDDIN, NITEJAR, JATUN	1080 Masood Nagar opp Shyam Nagar Road Meerut, Uttar Pradesh - 250401	12-09-2026 & ₹ 5,46,373/-	Property situated at Khasra No. 3089, Lakhipura Road, Meerut City Meerut, Uttar Pradesh - 250001, Area- 61 Sq.Yds. Boundaries: East - 43 Ft 6 Inch House of Sabra, West - 43 Ft 6 Inch Property of Other, North - 20 Ft / Rasta 12 Ft Wide, South - 20Ft Property of Other
4	Loan No. 0AGR2300000009070273, MUNENDRA, BHURI	401, Narsi Village, Bichpuri, Agra, Uttar Pradesh - 283105	12-09-2026 & ₹ 12,34,827/-	Double Storey Property Vacant Roof out of Khasra No. 434 situated at Village Chhapra Tehsil and Distt. Agra, Uttar Pradesh - 282001, Area- 2319.83 Sq.Ft. Boundaries: East - Open Sky, West - Open Sky, North - Bichpuri Road and Exit On Ground Floor, South - Open Sky
5	Loan No. 0ALG2203000009044822, PAWAN KUMAR, JAY SINGH, MEERA DEVI	Sec 2 Tala Nagri Tajpur, Uttar Pradesh - 202125	12-09-2026 & ₹ 9,46,955/-	Plot on part of Khasra No. 758, situated at Hardaaganj Dehat Tajpur, Tehsil Kol, District Aligarh, Uttar Pradesh - 202125, Area- 936 Sq.Ft. Boundaries: East - 30 Ft Wide Road, West - Property of Jipal Tajpur, North - Area of Seller, South - Area of Seller
6	Loan No. 0BWD2101000005003716, SURENDER KUMAR, SAVITA	Azad Nagar Gali No-1, Ward No-15 Base Road, Dharuhera, Haryana - 121105	12-09-2026 & ₹ 6,48,695/-	Property situated at Mabil No. 94 Kila No. 9/8/4, 8 (8-0) 15 [illegible], Total 24 kanal 0 Marla 7 [illegible] Hissa Bahdar 7 Marla, Vill Dharuhera, Teh Dharuhera & Distt. Rewari, Haryana - 123106, Area- 205 Sq Yds

Place: GURGAON
Date: 08-10-2026
Authorised Officer
Shubham Housing Development Finance Company Limited

Pension Fund Regulatory And Development Authority

E-500, Tower E, 5th Floor, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi-110029

SELECTION OF SPONSORS OF PENSION FUNDS (PFS) UNDER THE NPS ARCHITECTURE PFRDA (REGISTRATION OF PENSION FUNDS) GUIDELINES - 13/07/2026

PFRDA invites applications from the eligible Sponsors from the field of finance, banking, insurance and asset management which fulfill eligibility criteria for forming a Pension Fund Company under the regulatory framework of PFRDA.

Under the NPS architecture, NPS and APY together have over 9.95 crore subscribers with AUM reaching ₹17.7 lakh crore as on 30th June, 2026.

The detailed registration guidelines are available on the PFRDA website (www.pfrda.org.in)

For any queries and assistance, please write to **dept-regfm@pfrda.org.in**

Sd/-
Chief General Manager
CBC 15102/11/0001/2627 **(Regulation Fund Management - PFs)**

MAHINDRA RURAL HOUSING FINANCE LIMITED **Possession Notice**
Corporate Office:- Mahindra Rural Housing Finance Ltd. Unit No.203, Amiti Building, Piramal Agastya Corporate Park, Opposite Fire Brigade Station, Kamani Junction, L.B.S, Main Road, Kurla (West), Mumbai- 400 070. Tel: +91 22 62929800
Branch Office: No. 403, 4th Floor, Business Square, Sector 12 Awas Vikas Colony, Sanjay Place, Agra, Uttar Pradesh 282004., 135/141, 3rd Floor, opp. CCS University, Mangal Pandey Nagar, Ramgarhi, Meerut, Uttar Pradesh 250002, 1st Floor, Plot No 27, Krishna Nagar, Delhi Road, Opposite Commissioner Office, Above Axis Bank, Saharanpur, Uttar Pradesh - 247001., 3rd Floor, C-79/RDC, Raj Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201002

(For Immovable Property) (Under Rule 8 (1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002)

Whereas the undersigned being the authorized officer of M/S Mahindra Rural Housing Finance Ltd. (hereinafter referred to as 'MRHFL'), Having its registered office at LUCKNOW and Branch office at **Meerut, Ghaziabad Saharanpur, Agra** under Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002), and in exercise of powers conferred under Section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued Demand Notice under Section 13(2) of the said Act calling upon you being the borrowers (names and addresses mentioned below) to repay the amount mentioned in the said notice being within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The borrower mentioned herein above having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrowers mentioned herein above and to the public in general that undersigned has taken **possession** of the property described herein below in exercise of powers conferred on me under sub section (4) of section 13 of the Act read with the Rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 on this the **05.10.2026**

The borrowers mentioned herein above in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the said property and any dealings with the property will be subject to the Charge of M/S Mahindra Rural Housing Finance Ltd. for an amount and interest thereon.

The Borrower's attention is invited to provisions of sub section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

S.N.	Name of the Borrower(s) / Guarantor(s)	Description of Secured Asset (Immovable Property)	Demand Notice Date and Amount	Date of Possession
1.	**GHAZIABAD** Branch **LAN:-1680095 & 1730472 / XSEMGZB01209857, XNHLGZB000001730472** Ashish Kumar Pandey (Borrower) Sandhya Devi, Geeta Devi, Deeksha Tiwari, Vikash Kumar, Subhash Chand Pandey (Co- Borrower)	Plot On Part Of Khasra No-138 Situated At Gram Ataur, Pargana Jalalabad, Tehsil & District Ghaziabad-201003 ,east: Others Plot, West: 20 Feet Wide Road, North :others Plot , South : Others Plot	09-07-2025 Rs. 1896837.07	05-10-2026 Symbolic Possession
2.	**MEERUT** Branch **LAN:-722675/ XSEMMER00608182** Badalu (Borrower) Brijesh Kumar, (Co- Borrower)	Plot No. B-114 (All) And Part Of B-115, Khasra No.401, On Sai Vatika Colony, Revenue Vill- Mohiuddinpur, Meerut-250206, Uttar Pradesh, India , East: Plot No. B-113, West: Part of Plot No. B-115, North : 8FT Wide Chak Road , South : 20 FT Wide Road	10-Jul-26 Rs. 959519.61	05-10-2026 Symbolic Possession
3.	**MEERUT** Branch **LAN:-754041/ XSEMMER00655084** Samarin (Borrower) Farakhan (Co- Borrower)	House No 861, Khasra No. 3230, 3231, 3235, 3236/1, 3240, 3252, 3254, 3433, 3664, Sahjanar Colony, Meerut-250002, Uttar Pradesh, India , East: House of Other , West: Plot of Others, North : Rasta 16' ft wide , South : Plot of Rafiq	10-Jul-26 Rs. 1424259.52	05-10-2026 Symbolic Possession
4.	**MEERUT** Branch **LAN:-994746 XSEMMER00817775** Dilshad Ahamd (Borrower) Shabnam Begum (Co- Borrower)	A Residential House, Constructed on the Part of Plot No. 5/3c, Khasra No. 3105 Situated At Mohalla Tanya Garden Colony Presently Mohalla Shalimar Garden Colony, Meerut – 250002, , East: 44'6"/Plot others , West: 44'6"/Plot of Shamshad, North : 10'2"/Plot other's , South : 10'2"/15' wide road	16-Mar-26 Rs. 882399.16	05-10-2026 Symbolic Possession
5.	**SAHARANPUR** Branch **LAN:-1576358/ XSEMSAR01169716** Tanej (Borrower) Purushotam (Co- Borrower) Paras Yadav (Guarantor)	West Part Of Plot No. 13, Khasra No- 150, Waka Mohalla Taharpur, Model Town Colony, Saharanpur, Uttar Pradesh - 247001 , East: Part of Plot No. 13, West: Plot No. 12, North : Araz of others , South : 30 ft. wide road	16-07-2026 Rs. 6,17,022.74	05-10-2026 Symbolic Possession
6.	**GHAZIABAD** Branch **LAN:-740150/ XSEMGZB00612297** Sunil Kumar (Borrower) Arti (Co- Borrower)	Plot No 86, Khasra No 443/1, Chotpur Colony Sector-63, Gautam Buddha Nagar - 201301 , East: Other's Plot, West: 12 ft. wide road, North : Other's Plot , South: Other's Plot	30-Jan-26 Rs. 3,60,160.59	05-10-2026 Symbolic Possession
7.	**AGRA** Branch **LAN:-1099430/ XSEMAGR00895879** Kapoor Singh (Borrower) Mukesh Devi (Co- Borrower)	Khasra No.128, Mauja Abhuapura, Tehsil Kiraoli & Dist Agra - 283102, Uttar Pradesh, India , East: Vacant Plot, West: Vacant Plot, North : Vacant Plot - Vishambhar Singh , South : 25ft Road	10-07-2026 Rs. 612396.65	05-10-2026 Symbolic Possession

Place :- AGRA, GHAZIABAD, SAHARANPUR, MEERUT
Date:-07.10.2026
Sd/- Authorised Officer
Mahindra Rural Housing Finance Limited





ठेका मजदूरों ने निकाली बाइक रैली, आमसभा, आंदोलन की चेतावनी

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

बिश्रामपुर, 6 अक्टूबर। बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों में कार्यरत करीब 700 ठेका श्रमिकों ने सोमवार को अपनी मांगों और अधिकारों को लेकर एटक के नेतृत्व में ग्राम पौड़ी से मोटरसाइकिल रैली निकाली। एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग, राकेश द्विवेदी, सलमान खान, वीसी जैन सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में निकली रैली में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। नारेबाजी करते हुए श्रमिक बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे, जहां रैली आमसभा में तब्दील हो गई।

आमसभा को संबोधित करते हुए, एसकेएमएस एटक के महासचिव का. अजय विश्वकर्मा ने कहा कि एक मई, खनिक दिवस के अवसर पर एसईसीएल के सीएमपी ने ठेका श्रमिकों के हित में कई घोषणाएं की थीं, लेकिन क्षेत्र में अब तक उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि ठेका श्रमिकों की परिचय पत्र, एचपीसी के अनुसार निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान, मेडिकल कार्डधर परिवार को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, कॉपरेट बैंक में खाता, एसईसीएल संचालित स्कूलों में श्रमिकों के बच्चों के प्रवेश तथा आवास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणाओं को उत्काल लागू किया जाना चाहिए।

उन्होंने ठेका श्रमिकों के लिए समान ड्रेस कोड लागू करने की मांग करते हुए कहा कि नियमित कर्मचारियों की तरह ठेका श्रमिकों को भी वर्ष में दो बार निर्धारित ड्रेस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि ठेका श्रमिकों की मेहनत और योगदान से बिश्रामपुर क्षेत्र ने इस वर्ष 88 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है, लेकिन इसके बावजूद श्रमिकों की समस्याओं और शोषण में कमी नहीं आई है।

एसकेएमएस एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि ठेका श्रमिकों को नियमानुसार एचपीसी वेतन, पूर्ण बोनस व पीएलआई तथा लंबित बकाया राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। साथ ही सीएमपीएफ/ईपीएफ में जमा राशि और उससे संबंधित पूरी जानकारी श्रमिकों को उपलब्ध कराने की मांग की।

मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा ने देश को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नई दिशा दी- राजेश अग्रवाल

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

अम्बिकापुर, 6 अक्टूबर। अंबिकापुर स्थित होटल पर्पल आर्किड में आयोजित भाजपा सरगुजा संभागीय पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई जनसेवा की यात्रा आज देश के प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर आगे बढ़ रही है। इन 25 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह तथा जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे की विशेष उपस्थिति में प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राजेश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। जनधन, उज्ज्वला, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से गरीब, किसान, महिला और ग्रामीण परिवारों को लाभ मिला है। छत्तीसगढ़ में 41 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचने तथा 25 लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलने की जानकारी उन्होंने दी।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में बड़े पैमाने पर पक्के मकानों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2025 में 3.51 लाख आवासों के गृह प्रवेश तथा 3 लाख हितग्राहियों के लिए 1,200 करोड़ रुपये की किस्त जारी किए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

राजेश अग्रवाल ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास, पीवीटीजी परिवारों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने, वन धन केंद्रों, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के विस्तार तथा बस्तर में विकास गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क, रेल, बिजली, औद्योगिक क्षेत्र, फर्मास्यूटिकल पार्क और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण परियोजनाएं आगे बढ़ी हैं।

वर्ष 2025 में राज्य में 14,260 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ था।

हाथी प्रभावित ग्रामीणों की महासभा, मुआवजे की मांग



उदयपुर, 6 अक्टूबर। उदयपुर विकासखंड के ग्राम फुनगी स्थित प्राथमिक शाला के पास रविवार को ग्राम पंचायत रामनगर के सरपंच प्रदीप सिंह मरकाम की अगुवाई में हाथी प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की महासभा आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के चिन्हित गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे। महासभा में जंगली हाथियों से हो रहे फसल नुकसान और जनहानि को लेकर सरकार के समक्ष विभिन्न मांगें रखी गईं।

महासभा में लक्ष्मणगढ़, सुखरी भंडार, सालीबार्रा, मालपुर, मोहनपुर, महेशपुर, डपका, जाजगी, जजगा, उदयपुर, डिरगिट्टी, रामनगर और फुनगी सहित आसपास के हाथी प्रभावित गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में वन विभाग से रेंजर फेंकू प्रसाद चौबे, सिद्धार्थ सिंह देव जनपद उपाध्यक्ष, पत्रकार क्रांति रावते, गोपाल यादव, सालीबार्रा सरपंच मनबोध मरकाम, महेशपुर सरपंच कपिल सिंह, मालपुर सरपंच सहित दैकहों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

महासभा की अगुवाई करते हुए सरपंच प्रदीप सिंह मरकाम ने हाथी-मानव संघर्ष से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को सामने रखते हुए सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं। पहली मांग जंगली हाथियों के लिए अलग से रिजर्व जंगल क्षेत्र विकसित करने की है, जहां हाथियों के लिए पर्याप्त पानी और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि हाथी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रवेश न करें। दूसरी मांग हाथियों द्वारा बर्बाद की जा रही फसलों के लिए मुआवजा बढ़ाकर 62 हजार रुपये प्रति एकड़ करने की रखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में मिलने वाली क्षतिपूर्ति से किसान के पूरे साल की परिवार का भरण-पोषण करना संभव नहीं है।

तीसरी मांग हाथी के हमले में किसी किसान अथवा व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देते तथा परिवार के एक वयस्क सदस्य को सरकारी नौकरी देने की है।


मानव सेवा का महादान: अग्रवाल समाज के शिविर में 100 यूनिट रक्तदान

अध्यक्ष संजय मित्तल ने रक्तदान कर की शुरुआत, महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

अंबिकापुर, 6 अक्टूबर। भगवान श्री अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले अंबिकापुर के अग्रवाल समाज में उत्साह का माहौल है। श्री अग्रवाल सभा की ओर से सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की शृंखला आयोजित की जा रही है। इन आयोजनों के बीच समाज ने मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए वृहद रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में करीब 100 यूनिट रक्तदान किया गया। खास बात यह रही कि रक्तदान के लिए पुरुषों के साथ समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में आगे आईं। लगभग 55 महिलाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद के लिए अपनी भागीदारी निभाई।

श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की और समाज सेवा का संदेश दिया। इसके बाद समाज के अन्य सदस्य भी रक्तदान के लिए आगे आए। शिविर में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर यह संदेश दिया कि मानव सेवा के इस कार्य में समाज का हर वर्ग अपनी भूमिका निभा सकता है।



रक्तदान को महादान माना जाता है, क्योंकि जरूरत के समय उपलब्ध रक्त किसी मरीज के उपचार में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। अग्रवाल समाज के इस आयोजन में उत्साह के साथ सेवा का भाव भी देखने को मिला। जयंती से जुड़े कार्यक्रमों के बीच रक्तदान शिविर के माध्यम से समाज ने जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प सामने रखा।

अंताक्षरी में गानों से सजी महफिल

रक्तदान शिविर के साथ मंच पर अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर महफिल में रंग जमा दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा और संगीत के प्रति लगाव का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने भी प्रस्तुतियों का आनंद लिया। मंच का संचालन श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने किया. जयंती आयोजन के तहत कराई प्रतियोगिता, फैमिली गेम, महिलाओं और बालिकाओं के लिए 'गुड़तिया चली' प्रतियोगिता, ओपन गेम और खजाना खोजो प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों में समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। खेल और मनोरंजन से जुड़े आयोजनों ने परिवारों को साथ जोड़ने के साथ जयंती समारोह के उत्साह को भी बढ़ाया।


सभा, महिला सभा और युवा मंच के सदस्य जुटे

आयोजनों को सफल बनाने में श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, वनस्पाम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुधाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल,रूपेश मित्तल कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अभनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

युवा अधिवक्ता निराला गुप्ता के निधन पर अधिवक्ता संघ में शोक

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

रामानुजगंज, 6 अक्टूबर। अधिवक्ता संघ रामानुजगंज के सदस्य युवा अधिवक्ता निराला गुप्ता का मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से रामानुजगंज न्यायालय परिसर सहित अधिवक्ता संघ में शोक की लहर दौड़ गई। निराला गुप्ता अधिवक्ता रमेश गुप्ता के बड़े पुत्र थे।



अधिवक्ता संघ ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि संघ ने एक होनहार और युवा अधिवक्ता को खो दिया है। उनके निधन से अधिवक्ता समुदाय को गहरा आघात पहुंचा है। संघ के सदस्यों ने दिवंगत अधिवक्ता की स्मृति में 6 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे न्यायालय परिसर में शोकसभा आयोजित किया। शोकसभा में अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।


अधिवक्ता संघ ने निर्णय लिया है कि शोककाल के बाद अधिवक्तागण पूरे दिन न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे। इसके चलते न्यायालयीन कार्य स्थगित रहा। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलरामपुर-रामानुजगंज सहित रामानुजगंज के विभिन्न न्यायालयों एवं संबंधित अधिकारियों को सूचना प्रेषित कर दी गई है।

युवा अधिवक्ता के निधन से रामानुजगंज न्यायालय परिसर में शोक का माहौल है। अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

सुरक्षा कर्मियों को बंधक बना कुम्दा खदान से केबल काटकर चोरी

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

सुरजपुर, 6 अक्टूबर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी कुम्दा 7/8 भूमिगत खदान में हथियारों से लैस 15-20 अज्ञात लोगों के समूह द्वारा सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर भूमिगत खदान से करीब 80 मीटर लंबी पावर केबल काटकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में खदान के सुरक्षा प्रभारी ने बिश्रामपुर थाने में लिखित शिकायत देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।



शिकायत के अनुसार घटना 5 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे कुम्दा 7/8 भूमिगत खदान में हुई जहां करीब 15-20 अज्ञात व्यक्ति खदान के संरक्षित क्षेत्र में पहुंचे और वहां तैनात कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर भयभीत किया। आरोप है कि समूह में शामिल करीब 5-6 लोग अस्त्र-शस्त्र से लैस थे।

घटना के दौरान करीब 10-12 लोग भूमिगत खदान के अंदर प्रवेश कर गए और लगभग 80 मीटर लंबी 70 स्क्वायर एमएम पावर चार्ज केबल काटकर अपने साथ ले गए। शिकायत में बताया गया है कि घटना के समय बंधक बनाए गए कर्मचारी एवं सुरक्षा कर्मी भय और दहशत की स्थिति में थे।

चोरी की गई केबल की अनुमानित कीमत करीब 2.08 लाख रुपये बताई गई है। खदान प्रबंधन ने कहा है कि इस प्रकार की घटना से खदान की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी हुई है।

सुरक्षा प्रभारी ने पुलिस से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चोरी गई केबल बरामद करने, घटना में शामिल लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी करने तथा खदान और वहां कार्यरत कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

डेढ़ साल से बंद है कुमदा की दोनों खदान

एसईसीएल बिश्रामपुर की कभी शान मानी जाने वाली दोनों खदान कुमदा सात आठ और बलरामपुर विगत करीब डेढ़ वर्षों से बंद पड़ी है।

खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, 2 मौतें, 1 गंभीर

फैक्ट्री से काम कर लौट रहे थे तीनों

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

बलौदी, 6 अक्टूबर। अंबिकापुर-रायगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर झरगांवा मोड़ के समीप सोमवार रात सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 8.30 बजे झरगांवा मोड़ के समीप सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर की ट्रॉली से बाइक सवार तीन युवकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बलौदी के कुनकुरी निवासी मुन्ना राम पिता राजनाथ पैंकरा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अजय प्रधान उर्फ अन्जू पिता महेश प्रधान निवासी भटको ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरे घायल राजमोहन पिता सुंदर निवासी पथरई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल अंबिकापुर भेज दिया गया है।

एल्यूमिनियम फैक्ट्री से लौट रहे थे

बताया गया कि अजय प्रधान और मुन्ना राम सिलसिला स्थित एल्यूमिनियम फैक्ट्री में काम करते थे। सोमवार को काम खत्म करने के बाद दोनों बाइक से बलौदी स्थित अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने अपने परिचित राजमोहन को भी बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद तीनों युवक बाइक से घर की ओर रवाना हुए। झरगांवा मोड़ के पास अंधेरे में सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की टक्कर हो गई।

हादसे के बाद तीनों युवक सड़क पर खून के बल जा गिरे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर 112 के आरक्षक जितेंद्र सिंह और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मुन्ना राम को मृत घोषित कर दिया। उपचार के दौरान अजय प्रधान की भी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल राजमोहन को जिला अस्पताल अंबिकापुर भेजा गया है।

एक ही क्षेत्र के दो युवकों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

सोना आयरन ऐंड स्टील लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: ग्राम-धनौरी, जिला-टीम, जिला-बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495224
ईमेल: cs_sona2007@yahoo.com वेबसाइट: www.sonaironsteel.com
(CIN: L67190CT1994PLC010052) फोन: 07752-265546, 07752-265547

सूचना एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर 2024 सहित समय-समय पर जारी अन्य लागू परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट सहित वार्षिक आम बैठक (AGM) की सूचना केवल उन्हीं सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनके ईमेल पते कंपनी, डिपॉजिटरी या उसके रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट (RTA) अर्थात सिनर्जिस्टिक एक्सचेंज कैपेबिलिटीज प्रा. लि. (SEBI पंजीकृत श्रेणी I RTA, पंजीकरण संख्या INR000004082) के माध्यम से, जिन शेयरधारकों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनके पंजीकृत पते पर भौतिक प्रति भेजने हेतु पंजीकृत किए गए हैं। वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.sonaironsteel.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट सहित वार्षिक आम बैठक (AGM) की सूचना कंपनी की प्रक्रिया 6 अक्टूबर 2026 को पूरी कर ली गई है। दी दस्तावेज अब कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुपालन में, जिन शेयरधारकों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनके पंजीकृत पते पर भौतिक प्रति भेजने हेतु पंजीकृत किए गए हैं। वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.sonaironsteel.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

सिनर्जिस्टिक एक्सचेंज कैपेबिलिटीज प्रा. लि. (SEBI पंजीकृत श्रेणी I RTA, पंजीकरण संख्या INR000004082) के माध्यम से ईमेल भेजने हेतु कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया निम्नानुसार है:
1. सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते को सिनर्जिस्टिक एक्सचेंज कैपेबिलिटीज प्रा. लि. के पोर्टल https://investor.cdslindia.com पर पंजीकृत करें।
2. पंजीकरण के लिए सदस्यों को अपना डीमैट खाता संख्या (DP ID और Client ID), पैन, मोबाइल नंबर और ईमेल पता प्रविष्ट करना होगा।
3. सत्यापन के पश्चात, सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट और AGM की सूचना का लिंक ईमेल पर भेजा जाएगा।
4. सदस्य AGM के दौरान ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।
5. जिन सदस्यों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें भौतिक प्रति पंजीकृत पते पर भेजी जाएगी।

लाभांश संबंधी सूचना: बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कोई लाभांश अनुशंसित नहीं किया है।

ई-वोटिंग सुविधा: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 सहपठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के अनुपालन में, कंपनी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से AGM में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी प्रस्तावों पर अपना मत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से देने की सुविधा प्रदान करेगी। यह सुविधा सीडीएसएल ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म (https://www.evotingindia.com) के माध्यम से उपलब्ध होगी।

रिमोट ई-वोटिंग अवधि: 10 अक्टूबर 2026 को सुबह 9:00 बजे से शुरू होगी और 12 अक्टूबर 2026 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि 6 अक्टूबर 2026 को डीमैट या भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य ही ई-वोटिंग के पात्र होंगे। एक बार मत देने के बाद सदस्य को बाद में मत परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर अधिग्रहण करने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और जिसका नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, वह ई-वोटिंग के लिए पात्र होगा। यदि कोई व्यक्ति सदस्य नहीं है, तो वह केवल सूचना को केवल जानकारी के लिए मान सकता है।

किसी भी प्रश्न के लिए, ई-वोटिंग सुविधा एवं पहुंच संबंधित सहायता के लिए सदस्य https://www.evotingindia.com पर उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) तथा ई-वोटिंग यूजर मैनुअल (https://www.evotingindia.com) का संदर्भ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल कर सकते हैं अथवा निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं: श्री राकेश दलाल, वरिष्ठ प्रबंधक (Sr. Manager), सिनर्जिस्टिक एक्सचेंज कैपेबिलिटीज (इंडिया) लिमिटेड (CCIL), ए विंग, 25वीं मंजिल, मेफेयर गार्डन, मेफेयर गार्डन, चकाला, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400093 को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करें अथवा 022-4334 5641 पर फोन करें। AGM के दौरान ही सेवाओं का लाभार्थी का विवरण (Register of Members) तथा शेयर हस्तांतरण बुक्स (Share Transfer Book) 23/10/2026 से 30/10/2026 तक बंद रहेंगे।

सोना आयरन ऐंड स्टील लिमिटेड की ओर से
हस्ताक्षरित/-
दीपक कुमार (कंपनी सचिव)

अंबिकापुर-रेणुकूट नई रेल परियोजना को बजट में शामिल करने की मांग


रेल संघर्ष समिति ने डीआरएम सुधांशु रंजन को सौंपा ज्ञापन, इंटरसिटी और ट्रेन सुविधाओं पर चर्चा

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

अंबिकापुर, 6 अक्टूबर। सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार शाम अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक सुधांशु रंजन को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने अंबिकापुर-रेणुकूट नई रेल लाइन परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी देते तथा आगामी आम बजट 2027-28 में परियोजना को शामिल करने के लिए प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजने की मांग की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न रेल सुविधाओं को लेकर डीआरएम से विस्तृत चर्चा भी की गई।

समिति की ओर से कैलाश मिश्रा ने अंबिकापुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन जल्द शुरू करने का सुझाव रखा। इस पर डीआरएम ने बताया कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में आवश्यक अधोसंरचना से जुड़े कार्य, जिसमें पीट लाइन और अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण शामिल है, पूरा होने के बाद नई यात्री ट्रेन शुरू करने की दिशा में कार्रवाई की जा सकेगी।

बैठक में अनूपपुर-अंबिकापुर रेल सेवा को लेकर भी चर्चा हुई। समिति ने बताया कि सुबह 3 बजे से दोपहर 2 बजे



के बीच अनूपपुर से अंबिकापुर के बीच पर्याप्त ट्रेन सुविधा नहीं होने से दिल्ली से आने वाले यात्रियों को काफी असुविधा होती है। इस समस्या के समाधान के लिए कोरोना काल से पूर्व की तरह सुबह 10 बजे अनूपपुर से अंबिकापुर के लिए ट्रेन चलाने की मांग रखी गई। डीआरएम ने इस संबंध में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

इसके अलावा मनेंद्रगढ़-बिजुरी-अंबिकापुर ट्रेन को मनेंद्रगढ़-अनूपपुर-अंबिकापुर मार्ग से संचालित करने की संभावना पर भी चर्चा हुई। डीआरएम ने इसके लिए परीक्षण कराने की बात कही।


समिति ने अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन के लगातार विलंब से चलने की समस्या भी डीआरएम के समक्ष रखी। इस पर उन्होंने बताया कि पिछले 15-20 दिनों से रायपुर डीआरएम और उनके स्तर पर ट्रेन के परिचालन की निगरानी की जा रही थी तथा समय का पालन भी हो रहा था। उन्होंने अतीतस्थ ऑपरेशन मैनेजर को ट्रेन के परिचालन पर लगातार निगरानी रखने और विलंब की समस्या को दूर करने के संबंध में निर्देश दिए।

वन अधिकार की जमीन पर कब्जे का मामला गरमाया

ग्रामसभा में 27 हितग्राहियों के पट्टा वितरण पर रोक लगाने प्रस्ताव पारित

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

सूरजपुर, 6 अक्टूबर। सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में शासकीय एवं वन अधिकार से जुड़ी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों के लगातार धरना-प्रदर्शन के बीच 2 अक्टूबर को आयोजित ग्रामसभा में लिए गए निर्णय के बाद ग्राम पंचायत ने कलेक्टर सूरजपुर को पत्र भेजकर वन अधिकार पत्र की भूमि पर संबंधित भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।



ग्राम पंचायत की ओर से 6 अक्टूबर को कलेक्टर को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि पंचायत को प्राप्त वन अधिकार पत्र की भूमि पर कथित रूप से अवैध अतिक्रमण किया गया है। इस संबंध में 2 अक्टूबर को धरना स्थल पर ग्रामसभा आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने मामले पर चर्चा की। ग्रामसभा ने संबंधित भूमि से अवैध कब्जा हटाने का प्रस्ताव पारित किया है।

बैठक में स्वामित्व योजना के तहत प्रस्तावित 27 हितग्राहियों को पट्टा वितरण का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामसभा ने भूमि विवाद और अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट होने तक इन हितग्राहियों के पट्टा वितरण पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि भूमि की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही पट्टा वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी चाहिए। इस दौरान पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, सरपंच गोवर्धन सिंह मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कंकलबिहारी सिंह टेकाम, रोहन राजवाड़े, भुनेश्वर सिंह कोर्राम सहित अन्य ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।